Hindustan (Hindi)

Date.28 AUG 2018

Page.No. 21 (GZB)

# ऐप के जरिए सांसद से सीधे करें अपनी शिकायत

गाजियाबाद | संवाददाता

सड़क से लेकर घरेलू हिंसा या फिर पासपोर्ट सत्यापन, किसी भी तरह की समस्या या शिकायत आप ऐप के जरिये सीधे अपने सांसद तक पहुंचा सकते हैं।

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री और स्थानीय सांसद वीके सिंह ने सोमवार को आईटीएस कॉलेज में जनता की समस्याओं के निदान के लिए मोबाइल ऐप (SAANSAD.GHAZIABAD) लांच किया। 24 घंटे के भीतर आपकी शिकायत विभाग को भेजकर उस पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी।

**ऐसे करें शिकायत :** सबसे पहले गूगल प्ले स्टोर से ऐप को डाउनलोड करें। नाम और मोबाइल नंबर फीड करने पर एक ओटीपी नंबर आएगा। इस नंबर को डालते ही रजिस्ट्रेशन हो जाएगा। शिकायत, सुझाव, कॉन्टेक्ट अस जैसे विकल्प आएंगे। क्रिएट कंप्लेंट के ऑप्शन पर प्रेस करने पर ब्लाक या जोन का विकल्प आएगा। फिर जोन और वार्ड नंबर दर्ज कर शिकायत कर सकेंगे।

## जनता सीधे मुझसे संपर्क करे: जनरल वीके सिंह

कार्यक्रम में विदेश राज्यमंत्री ने कहा कि ऐप के जरिये आम जनता सीधे मुझसे संपर्क कर सकती है। उन्होंने बताया कि किसी भी शिकायत पर 24 घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। ऐप पर सभी विभाग के अधिकारियों को जोड़ा गया है।

Hindustan Times

Date. 28 AUG 2018

Page.No. I (HT Noida & GZB)

# 'SAANSAD GHAZIABAD' APP LAUNCHED




Ghaziabad Member of Parliament General (retired) VK Singh (centre) launches a mobile app, 'Saansad Ghaziabad', for resolution of public grievances related to different departments at Muradnagar on Monday. As of now, the app is available only for Android users. SAKIB ALI/HT PHOTO

Nav Bharat Times (Hindi)

Page.No. 02 (GZB)

Date. 28 AUG 2018

# 'सांसद गाजियाबाद' ऐप लॉन्च

■ एनबीटी न्यूज, मुरादनगर

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वीके सिंह ने सोमवार को देश का पहला सांसद हेल्पलाइन ऐप लॉन्च किया। दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित आईटीएस डेंटल कॉलेज में हुए इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सांसद वीके सिंह ने ऐप सांसद गाजियाबाद का लोकार्पण किया। इस एप से गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र के लाखों लोग अपनी समस्या और सुझाव दर्ज करा सकेंगे। लोर्कापण समारोह में जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी मावी, एसडीएम (मोदीनगर) पवन अग्रवाल, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पूर्व विधायक प्रशांत चैधरी, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह सिसौदिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, महानगर अध्यक्ष मानसिंह गौस्वमी, विकास तेवितया, आईटीएस गुरप के चेयरमेन आर पी चड्ढा, सांसद प्रतिनिधि मनोज चैधरी सहित पार्टी के नेता व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।



केंद्रीय मंत्री वी.के. सिंह सांसद ऐप लॉन्च करते हुए

## ऐसे करें डाउनलोड

गूगल प्लेस्टोर में जाकर गाजियाबाद सांसद डालते ही ऐप को डाउनलोड किया जा सकेगा। इसमें शिकायत देने के साथ संबंधित फोटो और विडियो को भी अटैच किया जा सकेगा। इसमें यह भी बताना होगा कि शिकायत किस विभाग की है। शिकायत को 24 घंटे के अंदर ही संबंधित विभाग को सांसद के लैटर को अटैच कर भेज दिया जाएगा। शिकायत के समाधान के स्टेटस को अपडेट किया जाता रहेगा।

## दे सकेंगे सुझाव

ऐप में एक कॉलम विकास संबंधित सुझाव देने के लिए भी तैयार किया गया है। कुछ लोगों के पास जिले के विकास का विजन तो होता है, लेकिन उसे बताने का मंच नहीं होता है। उनका सुझाव यदि सांसद को पसंद आएगा तो वे संबंधित व्यक्ति से संपर्क कर उनसे मीटिंग भी कर सकेंगे। सांसद के मीडिया सलाहकार अश्विनी शर्मा ने बताया कि ऐप का मकसद समस्या का जल्द समाधान है।

Amar Ujala

Page No. 03 (GZB) Date.28 AUG 2018

# सांसद एप का शुभारंभ



मुरादनगर। आईटीएस डेंटल कॉलेज में सांसद और केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वीके सिंह ने देश की पहली सांसद हेल्पलाइन एप का उद्घाटन किया। गाजियाबाद संसदीय क्षेत्र के लोग एप पर जनसमस्या व सुझाव रख सकेंगे। सांसद वीके सिंह ने कहा कि एंड्रॉयड फोन के जरिये जनता उनसे जुड़ सकेगी। जिस विभाग की समस्या होगी, उसके अधिकारी तक पहुंच जाएगी। वीडियो क्लिप के माध्यम से भी समस्या बात सकते है। राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल ने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया को साकार करने वाली है। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री द्वारा संचालित उज्ज्वला योजना के तहत कुछ महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित किए गए। डीएम रितु माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी मावी, एसडीएम पवन अग्रवाल, विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, नरेंद्र सिंह सिसौदिया, सतेंद्र सिसौदिया, महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, चेयरमैन विकास तेवतिया, आईटीएस ग्रुप के चेयरमैन आरपी चड्ढा समेत पार्टी के नेता व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। ब्यूरो

Dainik Jagran

Date. 28 AUG 2018

Page.No. III (GZB)

**तकनीक** | वीके सिंह ने आइटीएस डेंटल कॉलेज में किया सांसद हेल्पलाइन एप का लोकार्पण

# एप पर करें शिकायत, तुरंत होगा समाधान

संवाद सहयोगी, गाजियाबाद : दिल्ली-मेरठ हाईवे स्थित आइटीएस डेंटल कॉलेज में सोमवार को क्षेत्रीय सांसद एवं केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री वीके सिंह ने सांसद हेल्पलाइन एप का लोकार्पण किया। इसके बाद अब गाजियाबाद क्षेत्र के लाखों लोग एप के माध्यम से क्षेत्रीय सांसद वीके सिंह से सीधे जुड़ सकेंगे और अपनी समस्या व सुझाव दर्ज करा सकेंगे। यह इस तरह का पहला एप है।

केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद वीके सिंह ने कहा कि एप के जरिए प्रत्येक व्यक्ति उनसे सीधे जुड़ सकेगा। इस एप के माध्यम से की गई शिकायत संबंधित अधिकारी पर भी पहुंच जाएगी। इसके बाद संबंधित विभाग के अधिकारी यथाशीघ्र समस्या का समाधान कर सकेंगे। सांसद वीके सिंह ने कहा कि यह हेल्पलाइन एप नहीं बल्कि जनता की समस्याओं के लिए पूर्ण समाधान है। उन्होंने कहा कि एप के माध्यम से लोग समस्या से संबंधित वीडियो क्लिप भी भेज सकते हैं।



सांसद हेल्पलाइन एप का लोकार्पण करते सांसद वीके सिंह • जागरण

लोकार्पण समारोह में राज्यसभा सदस्य अनिल अग्रवाल ने कहा कि केंद्रीय मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद वीके सिंह की सकारात्मक सोच के कारण क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए इस एप का लोकार्पण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिजिटल इंडिया की योजना को साकार करने वाली एक पहल है। लोकार्पण समारोह में उज्जवला योजना के तह गरीब महिलाओं को गैस कनेक्शन भी वितरित किए गए। इस मौके पर जिलाधिकारी रितु माहेश्वरी, जिला पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी मावी, एसडीएम मोदीनगर पवन अग्रवाल, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह सिसौदिया, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सतेंद्र सिसौदिया, महानगर अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, विकास तेवतिया, आइटीएस ग्रुप के चेयरमैन आरपी चड्ढा व सांसद प्रतिनिधि मनोज चौधरी सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे।